दुर्घटना | गुस्साएं ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, छपरा चौराहा पर बोलेरो ने बाइक को मारी भीषण टक्कर

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत







**निवास, नवभारत।** मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। छपरा चौराहा पर एक तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जेवरा-चकदेही मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर पहुंचे निवास विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश व मुआवजे के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हो सका।

जानकारी अनुसार वन ग्राम केरीवाह निवासी सुरेश मरावी पिता पहल सिंह, उम्र लगभग 45 वर्ष सोमवार सुबह पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपनी बाइक से चकदेही नर्मदा तट स्नान करने गए थे।

स्नान करने के बाद जब वह वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान जेवरा मार्ग की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी, और बोलेरो का चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

### मौके पर पहुंचे विधायक और प्रशासनिक अधिकारी

तनाव की स्थिति को देखते हुए निवास पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। इसके साथ ही निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े और तहसीलदार दिनेश वरकड़े भी घटनास्थल पर पहुंचे। विधायक और तहसीलदार ने आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों को ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि देने, उचित सरकारी मुआवजा दिलाने और आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का ठोस आश्वासन दिया। प्रशासनिक अधिकारियों और विधायक की समझाइश व निष्पक्ष न्याय के वादे के बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब तीन घंटे से चला आ रहा प्रदर्शन समाप्त किया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### भड़का आक्रोश, तीन घंटे रहा चक्काजाम

सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल सुरेश मरावी को तुरंत बबलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। हालांकि हादसे में सुरेश को गंभीर चोटे आई थी। चिकित्सक ने घायल का जांच, परीक्षण किया और सुरेश को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि घटना सुबह लगभग 10 बजे की है। शुरुआत में जब घायल को अस्पताल ले जाया गया, तब मौके पर कम ही लोग थे। लेकिन दोपहर को जैसे ही सुरेश की मौत की खबर गांव पहुंची, मृतक के परिजनों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण छपरा चौराहा पर एकत्रित हो गए और जेवरा-चकदेही मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारी फरार बोलेरो चालक की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे। चक्काजाम के कारण राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# टीएल पत्रों का 7 दिन में निराकरण करें : अनिल कुमार

▸ सीएम हेल्पलाइन पर फोकस बढ़ाएं : प्रभारी कलेक्टर



**मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि टीएल पत्रों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय में समुचित निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि टीएल के प्रकरणों में 7 दिवस के भीतर कार्रवाई पूरी कर उन्हें प्राथमिकता से क्लोज किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपनी विभागीय प्रगति का नियमित रिव्यू करें। दैनिक आधार पर लक्ष्य तय कर गति बढ़ाएं ताकि विभागीय रैंकिंग में सुधार हो। उन्होंने 50 दिवस और 100 दिवस से लंबित प्रकरणों को भी साथ-साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा में उन्होंने बताया कि मंगलवार को अभियान का समापन है। सभी संबंधित अधिकारी कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करें। बरसात में संक्रामक बीमारियों की आशंका को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। पीएचई की टीमों से जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन कराने को कहा। प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिन विभागों में समितियां गठित होनी हैं, उन्हें कल तक समिति बनाकर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

श्रम योगी मानधन योजना की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने समन्वित कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य पूर्ण करने को कहा। सामान्य से कम वर्षा की आशंका के चलते 2 जुलाई को होने वाली ग्राम सभाओं में किसानों को कम पानी वाली फसलें अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पाण्डुलिपि मिशन, अपार आईडी, युवा संगम मेला, शासकीय भवनों में सोलर पैनल, पोषण वाटिका, उपार्जन उपरांत उठाव व भुगतान, नालियों की सफाई, 15 अगस्त की स्पीच संबंधी जानकारी भोपाल प्रेषण सहित अन्य विषयों की विस्तार से समीक्षा हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ श्री संस्कार बावरिया, समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# रानी दुर्गावती महाविद्यालय में वृहद जल संगोष्ठी आयोजित

▸ रेवा सेवा समागम के तहत हनुमान घाट पर हुआ नर्मदा पूजन और सांकेतिक श्रमदान





**मंडला।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम मंडला के ग्राम पंचायत खैरी स्थित रानी दुर्गावती महाविद्यालय में गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद विकासखंड मंडला द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाया गया।

तीन चरणों में आयोजित इस अभियान के प्रथम चरण में जल शक्ति से नव भक्ति के तहत जल स्त्रोतों का पूजन, साफ-सफाई, कलश यात्रा और जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई। द्वितीय चरण में जल स्त्रोत सेवा समागम के अंतर्गत नदी तटों की सफाई, गहरीकरण, कुआं-बावड़ी स्वच्छता, जल चौपाल, जल संवाद और नदी अनुभूति ध्यान एवं योग जैसे रचनात्मक कार्य हुए। वहीं, तृतीय चरण को बावड़ी उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

महाविद्यालय में आयोजित मुख्य समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष दुबे एवं प्रिया धुर्वे मौजूद रहीं। अतिथियों ने जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# आज से 30 सितंबर तक मंडला जिले में रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

**मंडला।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राहुल नामदेव धोटे ने मानसून सत्र को देखते हुए मंडला जिले की सभी रेत खदानों में 30 जून की मध्यरात्रि से 30 सितंबर की मध्यरात्रि तक खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि खदानों से रेत निकासी के लिए बनाई गई अस्थायी संरचनाएं, जैसे पुल, पुलिया, पहुंच मार्ग, मिट्टी, मुलम आदि को नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से हटाना अनिवार्य होगा, ताकि वर्षा ऋतु में जल प्रवाह बाधित न हो। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों एवं खदान संचालकों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# अखिलेश ने स्वयं के व्यय से बैगा छात्राओं को बांटी सामग्री

▸ एकल प्रकल्प प्रयास से संवर रहा जनजातीय बेटियों का भविष्य





**मंडला, नवभारत।** जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ अंग्रेजी शिक्षक अखिलेश उपाध्याय ने एक बार फिर शिक्षक के सामाजिक दायित्वों और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की है। जिले में एक बेहतरीन करियर मार्गदर्शक और मोटिवेटर के रूप में अपनी पहचान बना चुके श्री उपाध्याय ने जनसहयोग से संचालित विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति छात्रावास की बालिकाओं की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं। उन्होंने स्वयं के खर्च पर छात्रावास की सभी 55 बालिकाओं को जरूरी शैक्षणिक और दैनिक उपयोगी सामग्री का वितरण किया। छात्राओं के चेहरे तब खुशी से खिल उठे जब उन्हें शिक्षक की ओर से पेन, कॉपियां, पेंसिल किट, कॉफी मग, घड़ियाँ और आगामी मानसून को देखते हुए छाते प्रदान किए गए। गौरतलब है कि अखिलेश उपाध्याय अपने एकल प्रकल्प प्रयास के माध्यम से पिछले कई वर्षों से लगातार शैक्षिक संवर्धन के कार्य कर रहे हैं। वे समय-समय पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराते रहे हैं।

### संस्कृति पर गर्व करें और मुख्यधारा से जुड़ें

इस अवसर पर शिक्षक अखिलेश उपाध्याय ने बालिकाओं से संवाद किया और उनके मन में उठ रहे विभिन्न प्रश्नों के सहज उत्तर दिए। करियर मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने छात्राओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति की ये बेटियाँ तमाम विपरीत परिस्थितियों से लड़कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

# कान्हा नेशनल पार्क के कोर जोन पर तीन माह के लिए लगेगा ताला





मंडला। विश्व विख्यात कान्हा नेशनल पार्क के कोर एरिया में सोमवार 30 जून के बाद 01 जुलाई से अगले तीन महीनों के लिए पर्यटन पूरी तरह बंद हो जाएगा। रैन-सीजन की शुरुआत के चलते वन्यप्राणियों के प्रजनन काल और जंगलों के भीतर रास्तों के खराब होने की वजह से 1 जुलाई से 30 सितंबर तक कोर जोन में पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा । सैलानी अब 1 अक्टूबर से दोबारा वनराज के दीदार कर सकेंगे। पार्क बंद होने के ठीक पहले कान्हा में पर्यटकों का जबरदस्त सैलाब उमड़ा। इस दौरान कान्हा पार्क प्रसिद्ध बाघ, बाघिन सहित उनके शावकों ने पर्यटकों को खूब लुभाया। हालांकि कोर जोन बंद होने से क्षेत्र के करीब 150 होटल-रिसोर्ट, ढाबा संचालकों सहित लगभग 250 जिप्सी चालकों और गाइडों का व्यवसायिक रोजगार तीन माह के लिए प्रभावित होगा।

### मानसून में बफर जोन रहेगा खुला

कान्हा प्रबंधन ने बताया कि भले ही मुख्य कोर एरिया बंद हो रहा है, लेकिन पर्यटकों के लिए राहत की बात यह है कि बफर जोन बारिश के मौसम में भी खुला रहेगा। प्रबंधन द्वारा रैनी सीजन में बफर जोन के भीतर सफारी और ट्रैकिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। लगभग 7 वर्ष पहले तक बारिश में बफर जोन भी बंद रहता था, लेकिन अब इसे खुला रखने से वन्यप्रेमी मानसून में भी प्रकृति का आनंद ले सकेंगे, जिससे स्थानीय होटल, रेस्टोरेंट और गाइडों की आजीविका भी चलती रहेगी।

# शहनाज अख्तर के भगवा रंग के भजनों पर देर रात तक थिरका जनसैलाब

▸ बड़ी खेरमाई मंदिर नव-निर्माण महोत्सव में उमड़ी भारी भीड़







**नारायणगंज, नवभारत।** जिले के नारायणगंज में आस्था, श्रद्धा और संगीत का एक अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था सार्वजनिक बड़ी खेरमाई मंदिर के नव-निर्माण और भव्य धार्मिक महा-आयोजन का, जिसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर की सुरमयी प्रस्तुतियों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। शहनाज अख्तर को लाइव सुनने और देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

**भगवा रंग पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु :** भजन संध्या की शुरुआत देवी गीतों और वंदना से हुई, जिसके बाद जैसे ही शहनाज अख्तर ने अपना सुप्रसिद्ध भजन मुझे चढ़ गया भगवा रंग... गाना शुरू किया, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था और युवा से लेकर बुजुर्ग तक भक्ति के रस में डूबकर झूमते और थिरकते नजर आए।

**भावविभोर हुआ पूरा पंडाल :** आयोजन समिति ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। शहनाज अख्तर ने एक के बाद एक कई प्रसिद्ध भजनों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। उनकी सशक्त आवाज और चिरपरिचित अंदाज ने उपस्थित जनसमुदाय को देर रात तक बांधे रखा। कई मौकों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर हाथ उठाकर झूमने लगे, जिससे पूरा माहौल अलौकिक और उत्सव जैसा प्रतीत हो रहा था।

**धार्मिक सद्भाव और आस्था का केंद्र :** बड़ी खेरमाई मंदिर के नव-निर्माण के उपलक्ष्य में आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों और मंदिर समिति ने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि नारायणगंज के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक और यादगार सांस्कृतिक शाम रही।

# ग्राम इन्द्री में रात्रि चौपाल, ग्रामीणों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

▸ सेफ क्लिक 2.0 के तहत मंडला पुलिस ने दी डिजिटल अरेस्ट और ओटीपी फ्रॉड से बचने की सीख





**खटिया (मंडला)।** ग्रामीण अंचलों में तेजी से पैर पसार रहे डिजिटल फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए मंडला पुलिस अब सीधे मैदान में उतर आई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत ग्राम इन्द्री में एक विशेष रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी नैनपुर श्री मनीष राज के नेतृत्व में खटिया थाना प्रभारी निरीक्षक भानुप्रताप सिंह भवेदी द्वारा इस चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को साइबर अपराधियों के जाल से बचने का सीधा संदेश दिया गया।

रात्रि चौपाल के दौरान बड़ी संख्या में जुटे सरपंच, पंच, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को वर्तमान समय में चल रहे साइबर ठगी के नए तरीकों से अवगत कराया गया। थाना प्रभारी ने बेहद सरल भाषा में ग्रामीणों को समझाया कि कैसे अपराधी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, केवायसी अपडेट, यूपीआई एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, निवेश व लोन फ्रॉड के साथ-साथ सोशल मीडिया के जरिए लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। पुलिस ने हिदायत दी कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाले संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**ब्रह्मास्त्र है 1930 हेल्पलाइन, समय पर सूचना से वापस मिल सकता है पैसा :** चौपाल में उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत कदम उठाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो वह बिना डरे और बिना समय गंवाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। समय रहते गोल्डन आवर्स में दी गई सूचना से ठगी गई राशि को अपराधियों के खाते में होल्ड कराया जा सकता है।

**घर-घर साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाने का संकल्प :** कार्यक्रम के समापन पर मंडला पुलिस ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे न केवल स्वयं सतर्क रहें, बल्कि अपने परिवार, पड़ोस और पूरे गांव को इस खतरे के प्रति सचेत करें। मंडला पुलिस का मूलमंत्र है रुको -सोचो - फिर कार्रवाई करो।

▸ जिले में 1 लाख 10 हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

# नपा अध्यक्ष और सीईओ ने नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**मंडला।** जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं जिला पंचायत सीईओ शाश्वत मीणा ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वायके झारिया ने बताया कि मंडला जिले के लिए 1,10,615 बच्चों का लक्ष्य तय किया गया है। पहले दिन सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बूथों पर दवा पिलाई गई, जबकि अगले दो दिन टीमें घर-घर जाकर छूटे बच्चों को कवर करेंगी। अभियान की सफलता के लिए जिले में 1289 टीमें, 67 ट्रांजिट बूथ और 36 मोबाइल टीमें गठित की गई हैं। इस दौरान डॉ. डीके मरकाम, डॉ. जितेंद्र परते, डॉ. सूरज मरावी सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**मंडला, नवभारत।** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश गुप्ता ने समिति की पिछली बैठक के एजेंडा अनुसार दिए गए टास्क का प्रस्तुतिकरण किया। प्रधानमंत्री राहत योजना की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी एक माह में मुख्यालय के कम से कम निजी चिकित्सालय के इस योजना से संबद्ध करें। प्रशासन के साथ-साथ पुलिस का भी एक मोबाईल नंबर पोर्टल पर रजिस्टर कराएं जिससे समय पर पुलिस को भी प्रकरण की सूचना समय पर प्राप्त हो सके।

हिट एण्ड रन के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने कहा कि यह संवेदनशील विषय है। इससे संबंधित प्रकरण विशेष परिस्थितियों को छोड़कर दो सप्ताह में निराकृत किए जाने चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पूर्व से लंबित सभी प्रकरण आगामी एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। हाईवे सहित विभिन्न सड़कों की क्षतिग्रस्त पुलियों के संबंध में प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकतानुसार इन्हें दुरूस्त कराएं।

कायाकल्प | जनपद अध्यक्ष जनिया बाई मरावी की पहल पर 4 प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर के लिए हुआ भूमिपूजन

# 59 लाख के फर्शीकरण के बाद अब यात्रियों को मिलेगा शीतल पेयजल





**मंडला, नवभारत।** घुघरी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली लगभग 47 पंचायतों और 96 गांवों के ग्रामीणों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। अपनी दैनिक आवश्यकताओं और सामग्री की खरीदी के लिए विकासखंड मुख्यालय आने वाले हजारों ग्रामीणों और बस यात्रियों को अब भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जनपद अध्यक्ष श्रीमती जनिया बाई मरावी की अनूठी पहल से क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर शीतल पेयजल वाटर कूलर की व्यवस्था की जा रही है, जिसका आज विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ।

**होटलों पर निर्भरता होगी खत्म, चार प्रमुख स्थलों पर लगेंगे वाटर कूलर :** बताया गया कि अब तक घुघरी मुख्यालय या बस स्टैंड आने वाले ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को पीने के पानी के लिए भारी किल्लत का सामना करना पड़ता था। प्यास लगने पर लोगों को मजबूरन महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ता था या होटलों का सहारा लेना पड़ता था। इस गंभीर जनसमस्या को संवेदनशीलता से लेते हुए जनपद अध्यक्ष ने पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने का बीड़ा उठाया है। योजना के तहत क्षेत्र के चार प्रमुख व्यस्तम स्थान बस स्टैंड परिसर, त्यागी चौक, बिछिया रोड, जनपद पंचायत परिसर में बोर खनन कराने के साथ ही ठंडे पानी के लिए आधुनिक वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे।

**59 लाख की लागत से फर्शीकरण, कीचड़ से मिली मुक्ति :** पेयजल व्यवस्था के साथ ही बस स्टैंड की सूरत बदलने के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। कुछ दिन पूर्व ही जनपद अध्यक्ष श्रीमती जनिया बाई मरावी एवं समस्त जनपद सदस्यों के विशेष सहयोग से बस स्टैंड परिसर में लगभग 59 लाख रुपए की लागत से फर्शीकरण (पेवर ब्लॉक) का कार्य पूर्ण कराया गया है।